अमर उजाला

बरेली
शनिवार, 13 जुलाई 2019

Page NO : 16 Bottom

एसईईः सीट फ्रीज करने वाले कर सकते हैं फिजिकल रिपोर्टिंग

लखनऊ। प्रदेश के इंजीनियरिंग व मैनेजमेंट संस्थानों में प्रवेश की तरफ विद्यार्थियों के कम होते रुझान को लेकर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) कोई रिस्क नहीं लेना चाहता है। यही वजह है कि विश्वविद्यालय द्वारा इस बार एसईई की काउंसलिंग में पहले चरण से ही सीट फ्रीज करने के बाद विद्यार्थियों को कॉलेजों में फिजिकल रिपोर्टिंग की सुविधा दी जा रही है। पहले चरण की काउंसलिंग में च्वाइस भरने वाले 35 हजार विद्यार्थियों में से 28,498 विद्यार्थियों को सीट एलाटमेंट हुआ था। ब्यूरो